2 फरीदाबाद
ऑटो चालकों की लापरवाही से शहर की सड़कों पर चलता है जंगलराज?

6 अभिमत
जनहित की बात करने वाला ही जनता के दिल को छुएगा

9 देश-विदेश
यूक्रेन संघर्ष में किसी भी शांति प्रक्रिया में योगदान देने के लिए भारत तैयार : मोदी

12 कसौटी
खालिस्तान की आग में फिर तपने लगा पंजाब, हरियाणा पर भी असर

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 6 अंक 23
फरीदाबाद, रविवार, 26 फरवरी, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



परिवार से बाहर सिर्फ धोनी ने मुझसे संपर्क किया था: कोहली

पेज - 11

# खेलकूद प्रतियोगिता के समापन पर पुरस्कार वितरित

## मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम त्रिलोक चंद, अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता एवं प्राचार्य डा. कृष्ण कांत गुप्ता रहे

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




विजेता खिलाड़ियों के संग अतिथि व आयोजक।

**अग्रवाल** महाविद्यालय बल्लभगढ़ में अग्रवाल महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता के संरक्षण में 51वीं वार्षिक एथलेटिक मीट प्रतियोगिता का विधिवत रूप से समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। आरंभ हुए इस एथलेटिक मीट के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि एसडीएम, बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता एवं महाविद्यालय प्राचार्य डा. कृष्ण कांत गुप्ता उपस्थित रहे।

पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने सभी विजेता विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि निरंतर अभ्यास के द्वारा ही जीत निश्चित है। उन्होंने अन्य खिलाड़ियों को भी प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जिंदगी के सफर में अभी अनेक पड़ावों से गुजरना है, आवश्यकता है कि जीत की तैयारी अभी से शुरू कर दी जाए। खिलाड़ी होना ही बड़ी बात है और खिलाड़ी ही सर्वाधिक बलिष्ठ होता है। दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन छात्र वर्ग और छात्रा वर्ग के रूप में अलग-अलग चरणों में संपन्न कराया गया जिसमें कुल 25 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। छात्र वर्ग में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, 5 किलोमीटर,10 किलोमीटर की रेस के साथ, शॉट पुट, हाई जम्प, हैमर(हथौड़ा)थ्रो, जेवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, लम्बी कूद तथा छात्रा वर्ग में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, 3 किलोमीटर की रेस के साथ-साथ शॉट पुट, लम्बी कूद, जेवलिन थ्रो, हैमर (हथौड़ा) थ्रो, डिसकस थ्रो, ऊंची कूद का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले सभी विद्यार्थियों को प्राचार्य ने प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. केएल कौशिक, डॉ. अजित यादव और डॉ0 जयपाल सिंह निर्णायक मंडल के रूप में उपस्थित रहे। शारीरिक शिक्षक नंदकिशोर, डॉ. जगबीर सिंह और मोहित हुड्डा के कुशल निर्देशन निर्देशन में सभी खेलकूद प्रतियोगिताएं सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ सुप्रिया ढांडा ने किया। स्व-वितिय संस्थान के प्रभारी डॉ. संजीव गुप्ता ने सभी प्रवक्ताओं एवं विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। छात्र वर्ग में रणधीर तथा छात्रा वर्ग में रीता को सर्वश्रेष्ठ एथलीट चुना गया।